मुख्यमंत्री ने डोईवाला में रानीपोखरी जाखन पुल का उद्घाटन किया

चर्चा में क्यों?

30 सितंबर, 2022 को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने डोईवाला में आयोजित एक कार्यक्रम में ऋषिकेश-भानियावाला मोटर मार्ग पर महत्त्वपूर्ण रानीपोखरी जाखन नदी और विधानसभा विकासनगर के अंतर्गत लंबरपुर लांघा मोटर मार्ग में शीतला नदी पर बने पुल का उद्घाटन किया।

प्रमुख बिंदु

- गौरतलब है कि पिछले साल 2021 में पुल टूट जाने के बाद जनवरी 2022 में नया पुल बनाने की प्रक्रिया शुरू की गई थी। कार्यदायी संस्था हिमालयन कंस्ट्रक्शन ने पुल निर्माण का कार्य 6 जुलाई को पूरा कर लिया।
- मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि ऋषिकेश, गढ़वाल आदि को राजधानी से जोड़ने वाला यह महत्त्वपूर्ण पुल है। पुल से स्थानीय जनता के अलावा सैलानियों को भी सुगमता होगी।
- केंद्रीय सड़क अवसंरचना निधि से जनपद के विकास खंड डोईवाला के अंतर्गत भानियावाला मार्ग मोटर मार्ग के 15किमी. में 280 मीटर स्पान के गर्डर सेतु का निर्माण किया गया है। रानीपोखरी पुल के लिये स्वीकृत लागत 18 करोड़ रुपए थी।
- मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल लाइन और दिल्ली-देहरादून एलिवेटेड रोड पर तेज़ी से काम चल रहा है। एलिवेटेड रोड प्रोजेक्ट के पूरा होने के बाद दिल्ली और देहरादून के बीच की दूरी दो घंटे में पूरी हो जाएगी।
- मुख्यमंत्री ने कहा कि चारधाम सड़क परियोजना की तर्ज़ पर मानसखंड कॉरिडोर को भी राज्य का फ्लैगशिप प्रोजेक्ट तय कर इस पर कार्य शुरू कर दिया गया है। ऑल वेदर रोड से अब यात्रा सुगम व सुरक्षित हो गई है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/ranipokhari-jakhan-bridge-at-doiwala